खास-खबरें

सेंट जोसेफ स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न आकर्षक मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच तथा नवाचार का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए और उनके माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को समझाने का प्रयास किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी के सहयोग और उत्साह से विज्ञान प्रदर्शनी सफल एवं यादगार बनी।

दीपावली पर स्कूलों में रंगोली और सजावट प्रतियोगिताएं आयोजित



नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः दीपावली के उत्सवी माहौल में आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल और नवांकुर विद्यापीठ में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। आचार्य विद्या वैली स्कूल में दीया और ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, थाली सजाओ तथा रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद नीलू मणि अहिरवार और विशेष अतिथि श्रीमती जायसवाल एवं श्रीमती जैन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन और प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में कला, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति लगाव विकसित करती हैं।

किसानों के साथ जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने की खेती-किसानी पर चर्चा



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने ग्राम नकतरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में तैयार की जा रही विभिन्न फसलों की नर्सरी का अवलोकन किया और कृषि वैज्ञानिकों से फसलों की किस्मों, नर्सरी तैयार करने की तकनीक तथा कृषि गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर किसानों के बीच जमीन पर बैठकर खेती-किसानी से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों से खेती में अपनाई जा रही तकनीकों, उर्वरकों के उपयोग और कृषि उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के बारे में जानकारी ली। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए बेहतर कृषि पद्धतियों, फसल विविधीकरण और अन्य संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

विधायक सुदेश राय ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः विधायक सुदेश राय ने आज मगरदी खुर्द में स्व. ठाकुर साहब ओमप्रकाश सिंह के तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने ग्राम गवा में राजेंद्र सिंह के निवास पर तंवर परिवार, महुआखेड़ा में पर्वत सिंह के निवास पर, मानपुरा में बाबूलाल जी के यहां तथा छतरपुरा में गणपत सिंह जी, दिनेश जी, विनय सिंह जी एवं बद्री प्रसाद जी के निवास पर पहुंचकर दिवंगत पुण्य आत्माओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर इस दुख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री सीहोर लालू बना, वरिष्ठ भाजपा नेता मायाराम गौर, जगदीश शर्मा, जितेंद्र बैरागी, भवानी मेवाड़ा एवं हरि सिंह सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवा उत्सव के दूसरे दिन महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने बनाई रंग बिरंगी रंगोली



नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन गवर्नमेंट कॉलेज मेंयुवा उत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। युवा उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि दूसरे दिन रंगोली, क्ले मॉडलिंग, व्यंग्य चित्र, चित्रकला, कोलॉज, पोस्टर निर्माण, प्रश्नमंच, वादविवाद और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। मिली जानकारी के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता में दीपिका पडिहार, अर्पिता गुर्जर, अभिलाषा गुर्जर, अंशा कारपेंटर, हसां गोयल, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, खुशी जाटवा, आचंल सोलंकी, बालकृष्ण सौराष्ट्रीय ने सहभागिता कर सुन्दर रंगोली बनाई। क्ले मॉडलिंग में राजनंदनी लौधी, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, हरिओम, योगेश बारोड़ ने सहभागिता की। कार्टून निर्माण में विधि नामदेव, अर्पिता देवडा, इकरा मंसूरी, धर्मेन्द्र ने सहभागिता की।

सीवन उगल रही है गीता-पुराण और देवी देवताओं के चित्र



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः सीवन को कि जीवन दायिनी के साथ मोक्षदायिनी नदी है सीहोर की जिसकी कुछ महीने पहले दशा से सभी परिचित है,एक समय से जल जले ऑयल के समान था,लेकिन सीवन पुत्र टीम की मेहनत को पूरा देश जानता है,जिस महिला घाट को स्वच्छ किया था वहां पर सावन महीने में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कावड़ का जल भरा, 10 महीने से लगातार सीवन अभियान पूरे देश में काम कर रहा है।

नदी संरक्षण के लिए सीवन अभियान एक क्रांति है जो नदियों की दिशा को बदलकर रखेगी ,सीवन अभियान के तहत महिला घाट से अभियान शुरू हुआ,पिछले तीन दिनों से चद्दर पुल पर स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म के गीता, पुराण रामायण, हनुमान चालीसा देवी देवताओं के चित्र आदि गंदे स्थान से निकले, वहीं पर कचरा हुआ जलकुंभी भी निकल गई, ज्ञात होगी जलकुंभी निकालो अभियान निरंतर अपनी गति में है और शिवम पुत्र टीम का संकल्प है कि 2026 में सीवन में जलकुंभी ना हो क्योंकि जलकुंभी पानी को सोख लेती है और एक बूंद पानी देखने को नहीं मिलता सीवन में

सीवन अभियान के तहत सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि लगातार सीवन अभियान से लोग जुड़ रहे हैं साथ ही साथ अन्य नदियों के संरक्षण के लिए भी अन्य राज्यों से सीवन अभियान से लोग जुड़े हैं, उन्होंने सीवन को एक नई क्रांति बताया संरक्षण के लिए

सीवन अभियान में जो अपनी प्रमुख भूमिका अदा कर रहे हैं सीवन पुत्र के रूप में मुकेश राय, प्रकाश यादव, कनीराम मालवीय, वैभव राठौर, जगदीश वर्मा, कैलाश चव्हाण, लक्ष्मण सिंह चौकसे, प्रदीप साबू, राधेश्याम मकवाना, राजकुमार सोनी, हरिनारायण ठेकेदार,सुरेश भगत अशोक नामदेव,वीरेंद्र सिंह बिसोरिया, संतोष सिंह सिसोदिया, प्रदीप चावड़ा, सचिन प्रजापत, वैभव केवट,कमल केवट,ललिता कुशवाह,अलका कुशवाहा,सीमा शर्मा,ज्योति चावड़ा आदि ।

सेंट जॉन स्कूल पीथमपुर में प्रतियोगिताओं के साथ मनाया दीपावली उत्सव

पीथमपुर। पीथमपुर नगर के सेंट जॉन स्कूल में दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। स्कूल प्रबंधक सेठिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्सव के दौरान रंगोली, दीपक, तोरण, मेहंदी एवं थाली सज्जा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली, सुंदर दीप सज्जा और कलात्मक तोरण बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। वहीं, मेहंदी और थाली सज्जा प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूप में भी सहभागिता की। इस दौरान निशा लोधी, कनक कश्यपी चोरे, अंशिका, शुभ यादव, श्रेया पटेल, शुभी पांडे और पूर्वी सहित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पीथमपुर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित वरिष्ठ पत्रकार सुनील ठोसरे, पत्रकार राकेश खडेलवाल और पत्रकार राजशेखर शास्त्री उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए राहवीर योजना एवं पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे यानी 'गोल्डन आवर' में घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को राहवीर माना जाएगा। ऐसे व्यक्ति को शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और कानूनी संरक्षण मिलेगा। उसकी सहमति के बिना पुलिस उससे पूछताछ नहीं करेगी।

पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पात्र सरकारी और निजी अस्पतालों में अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार सात दिनों तक उपलब्ध होगा। इसके लिए दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है। योजना का लाभ देने के लिए अस्पताल का टीएमएस और ईडीएआर पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। पुलिस को कम गंभीर मामलों में 24 घंटे और गंभीर मामलों में 48 घंटे के भीतर ईडीएआर पोर्टल पर दुर्घटना की पुष्टि करनी होगी।

सीएमएचओ ने योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने और निजी अस्पतालों को कैशलेस उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने समन्वय से कार्य करने पर जोर दिया।

छेड़खानी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

आरोपी जेल से लौटकर फिर करने लगा था प्रताड़ित

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः विदिशा में छेड़खानी और लगातार मिल रही कथित प्रताड़ना से परेशान 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा स्थित गोकुलधाम कॉलोनी की है।

परिजनों का आरोप है कि एक युवक पिछले करीब चार महीने से युवती को परेशान कर रहा था। शिकायत के बाद युवक जेल भी गया था, लेकिन वापस लौटने पर उसने फिर से युवती को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतका आरती अहिरवार पुत्री रणधीर अहिरवार (22) गोकुलधाम कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहती थी। घटना के समय वह अपने कमरे में थी। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दूसरे रास्ते से कमरे में पहुंचने पर आरती फंदे पर लटकी मिली। परिजन तत्काल उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि एक युवक करीब चार महीने से आरती के साथ छेड़खानी कर उसे परेशान कर रहा था। इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के मुताबिक, शिकायत के बाद आरोपित कुछ समय जेल में रहा, लेकिन वहां से लौटने के बाद उसने फिर युवती को परेशान करना शुरू कर दिया। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर आरती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।)।

नवोदय परिवार मंदसौर धनतेरस पर सेवा और दीपोत्सव मनाएगा

मंदसौर। जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्व छात्र संघ, मंदसौर (नवोदय परिवार) द्वारा धनतेरस पर अनामिका फाउंडेशन, विक्षिप्त बालिका गृह और वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सदस्यों द्वारा भोजन करवाया जाएगा और दीपोत्सव मनाकर खुशियां साझा की जाएंगी।

संघ अध्यक्ष युवराज सिंह झाला ने बताया कि कार्यक्रम में दूर-दराज के शहरों में कार्यरत पूर्व छात्रों के साथ मंदसौर और आसपास के क्षेत्रों के सदस्य भी शामिल होंगे। उपाध्यक्ष हरिओम पाटीदार ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार पूर्व छात्र रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे, जिससे दीपावली का उत्सव और आनंदमय बनेगा। नवोदय परिवार जिले और जिले के बाहर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, करियर मार्गदर्शन संगोष्ठी तथा शिप्रा नदी स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य करता रहा है। इन प्रयासों की विभिन्न क्षेत्रों में सराहना हो रही है।

सीतामऊ महाविद्यालय में युवा संवाद विद्यार्थियों से मिले विधायक और सांसद



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः डॉ. रघुवीर सिंह शासकीय महाविद्यालय में लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक हरदीप सिंह डंग और सांसद सुधीर गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद कर लोकतंत्र, करियर निर्माण, कौशल विकास और युवाओं की सामाजिक भूमिका पर विचार साझा किए।

विधायक हरदीप सिंह डंग ने केंद्र और राज्य सरकार की प्रशासनिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लेख करते हुए एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार, भाजपा निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

सांसद सुधीर गुप्ता ने विद्यार्थियों से उनकी जिज्ञासाओं, विचारों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने रोजगार, स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता, नवाचार और कौशल विकास के अवसरों पर मार्गदर्शन देते हुए युवाओं को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मक सोच समाज तथा राष्ट्र के विकास का आधार है। सफलता के लिए निरंतर अध्ययन, परिश्रम और आत्मविश्वास जरूरी है। कार्यक्रम में 'वी विल डू इट' यानी 'हम यह कर सकते हैं' का प्रेरक संदेश भी दिया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पहली बार सफाई कर्मियों के लिए हुई ऑन-स्पॉट भाषण प्रतियोगिता



नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः जिला अस्पताल परिसर को स्वच्छ, सुंदर और संक्रमण मुक्त रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों के सम्मान के साथ ही, एक माह तक चले स्वच्छता अभियान का विधिवत समापन हो गया। 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए गए इस अभियान में न सिर्फ सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया, बल्कि पहली बार उनके लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया और इसका समापन नवंबर में हुआ। इस पूरे एक माह के स्वच्छता अभियान की विस्तृत रूपरेखा और समापन समारोह का व्यवस्थित खाका किरण पडोले द्वारा तैयार किया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र सोनी और विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. मैना सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि किसी भी चिकित्सालय में मरीजों के इलाज के साथ-साथ साफ-सफाई का अत्यधिक महत्व है। संक्रमण को रोकने और स्वस्थ माहौल देने में हमारे सफाई मित्र सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके अथक परिश्रम के बिना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा समस्त सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

मंच से बोले सफाई कर्मी, मिली रैंकिंगः कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए किरण पडोले ने बताया कि आयोजन में एक नया नवाचार करते हुए पहली बार सफाई मित्रों के लिए ऑन-स्पॉट भाषण प्रतियोगिता रखी गई। इसमें सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और मंच से स्वच्छता पर अपने विचार रखे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों को अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा, अभियान के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता और पूरे माह अस्पताल के सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी का मूल्यांकन कर उन्हें स्वच्छता रैंकिंग और प्रमाण पत्र भी सौंपे गए।

कलेक्टर ने रायसेन कृषि उपज मंडी का किया निरीक्षण

रायसेन। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने रायसेन स्थित कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में धान विक्रय की प्रक्रिया की जानकारी ली और उपज बेचने पहुंचे किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं तथा सुविधाओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी परिसर में संचालित कैंटीन का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध पेयजल व्यवस्था की स्थिति देखी और कैंटीन में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में किसानों से चर्चा की। उन्होंने यह भी जाना कि कृषि उपज बेचने के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है। कलेक्टर सिसोनिया ने मंडी सचिव और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज के विक्रय में परेशानी नहीं होनी चाहिए और पूरी प्रक्रिया सुगम एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्होंने मंडी में स्वच्छ पेयजल और गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

बालिका संप्रेक्षण गृह की बालिकाओं के हुनर से सजा दीपावली स्टॉल



नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बालिका संप्रेक्षण गृह की बालिकाओं ने दीपावली पर हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री और उपयोगी उत्पाद तैयार किए। इनके प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए जिला न्यायालय परिसर में विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां उत्पादों की खूब सराहना हुई। स्टॉल से कुल 8 हजार रुपये की बिक्री हुई।

प्रशिक्षक सोनिला डेविड के मार्गदर्शन में तैयार उत्पादों को आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खरीदा। अतिरिक्त जिला जज राजेश शर्मा और किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट संचिता भदकारिया ने स्टॉल का अवलोकन कर बालिकाओं के हुनर और मेहनत की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला जज राजेश शर्मा ने बालिका संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बालिकाओं से आत्मीय संवाद कर उनकी स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी ली। अधीक्षक आकांक्षा मरावी को बालिकाओं की नियमित काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए।

आईपीएल के खिलाड़ी अक्षत और अनिकेत वर्मा बीएसआई मैदान पर दिखा रहे दम

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के चौथे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के तहत खेले गए दो मुकाबलों में भोपाल लेपर्ड ने निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर को 33 रन से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने केप भोपाल को 44 रन से हराकर जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में राहुल चंदौरोल और दूसरे मुकाबले में शाश्वत भदौरिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

पहले मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से राहुल चंदौरोल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 44 गेंदों पर 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। वहीं अंकुश सिंह ने 33 और कमल त्रिपाठी ने 26 रन का योगदान दिया। इंदौर सीनियर की ओर से अक्षय सिंह और पवन ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि हर्षवर्धन, अभिषेक पाठक, आर्य पटेल और अनुराग को 1-1 विकेट मिला। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी निखिल क्रिकेट इंदौर सीनियर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। टीम की ओर से हर्षवर्धन ने 63 और अभिषेक ने 46 रन की पारी खेली। इस तरह भोपाल लेपर्ड ने 33 रन से मुकाबला अपने नाम किया।

शाश्वत भदौरिया ने 93 रन बनाकर एजीसीए को दिलाई जीतः दिन के दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। टीम की ओर से शाश्वत भदौरिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 93 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि दिव्यांश साहू ने 47 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केप भोपाल की टीम 19.2 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। एजीसीए ने यह मुकाबला 44 रन से जीत लिया।

आईपीएल में खेलने वाले अक्षत और अनिकेत वर्मा भी प्रतियोगिता का हिस्साः प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस लीग में मध्यप्रदेश के कई प्रतिभाशाली और स्टार खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलने वाले अनिकेत वर्मा भी शामिल हैं। अनिकेत घरेलू क्रिकेट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने भोपाल में रहकर क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अलावा अक्षत रघुवंशी भी आईपीएल में खेल चुके हैं। मध्यप्रदेश लीग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके कई युवा खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

IN THE COURT OF I CIVIL JUDGE CLASS -II, DISTRICT COURT BHOPAL M.P.
Presiding Officer: **श्री राहुल कुमार नामदेव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B/217/2024)
मेसर्स हिना कंस्ट्रक्शन कंपनी....**वादी** विरुद्ध मेसर्स वीर ब्रदर्स व अन्य.....**प्रतिवादीगण**
process ID- 43/2026 पेशी दि.: 12/12/2026
प्रेषिती-1. मेसर्स वीर ब्रदर्स द्वारा पार्टनर मनदीप सिंह अहलुवालिया पता अविनाश कॉम्प्लेक्स, बी-75, जी.ए.डी. चौराहा, एस.बी.आई. के सामने, सुल्तानिया रोड़ भोपाल।2. मनदीप सिंह अहलुवालिया पार्टनर मेसर्स वीर ब्रदर्स पता सागर म.प्र. शास्त्री वार्ड कमिशयल ऑटोमोबाइल गुरुद्वारा रोड़, 3. गुरजीत सिंह अहलुवालिया पार्टनर मेसर्स वीर ब्रदर्स पता सागर म.प्र. शास्त्री वार्ड कमर्शियल ऑटोमोबाइल गुरुद्वारा रोड़ सागर म.प्र.। यह कि प्रार्थी मेसर्स हिना कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पार्टनर श्री शम्शुदीन शेख पता ए एवस 294, राजहर्ष कॉलोनी, नयापुरा कोलार रोड़ भोपाल ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर जारी किया गया है।
कृपया ध्यान दें: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
राहुल कुमार नामदेव, न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)